छत्तीसगढ़ शासन
खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग
मंत्रालय
महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर

क्रमांक एफ 4–20/2020/29–1/ नवा रायपुर, दिनांक 29 नवंबर, 2020

प्रति,

1. **समस्त संभागायुक्त,**
छत्तीसगढ़

2. **समंस्त कलेक्टर,**
छत्तीसगढ़

विषयः– खरीफ विपणन वर्ष 2020–21 में समर्थन मूल्य पर धान एवं मक्का उपार्जन विषयक ।

राज्य शासन द्वारा विगत वर्षों की भांति खरीफ विपणन वर्ष 2020–21 में भारत सरकार द्वारा निर्धारित एकसमान विनिर्दिष्टियों (Uniform specifications) के अनुसार प्रदेश के किसानों से धान एवं मक्का का उपार्जन किये जाने का निर्णय लिया गया है । खरीफ विपणन वर्ष 2020–21 में धान एवं मक्का उपार्जन की नीति निम्नानुसार निर्धारित की जाती है :–

1. समर्थन मूल्य –

भारत सरकार के पत्र दिनांक 05.06.2020 द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2020–21 के लिए औसत अच्छी किस्म (एफ.ए.क्यू.) के धान एवं मक्का के उपार्जन के लिए निर्धारित निम्नानुसार समर्थन मूल्य पर धान एवं मक्का का उपार्जन किया जावे –

धान कॉमन	–	रूपए 1868 प्रति क्विंटल
धान ग्रेड ए	–	रूपए 1888 प्रति क्विंटल
मक्का	–	रूपए 1850 प्रति क्विंटल

भारत सरकार द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2020–21 हेतु धान, मक्का एवं चावल के लिए निर्धारित एकसमान विनिर्दिष्टियों की छायाप्रति **परिशिष्ट– 1** पर संलग्न है ।

2. उपार्जन की समयावधि –

खरीफ विपणन वर्ष 2020–21 के दौरान राज्य के किसानों से धान की नगद व लिकिंग में खरीदी दिनांक 1 दिसंबर, 2020 से 31 जनवरी, 2021 तक की जावेगी । समर्थन मूल्य पर कृषकों से मक्का की खरीदी दिनांक 1 दिसंबर, 2020 से 31 मई, 2021 तक की जावेगी ।

3. प्रति एकड़ खरीदी निर्धारण –

खरीफ वर्ष 2020–21 में प्रदेश के किसानों से धान खरीदी की अधिकतम सीमा 15 क्विंटल प्रति एकड़ लिकिंग सहित निर्धारित की जाती है । खरीफ विपणन वर्ष 2020–21 में मक्का खरीदी की अधिकतम सीमा 10 क्विंटल प्रति एकड़ लिकिंग सहित निर्धारित की जाती है ।

4. <u>उपार्जन एजेंसी</u> –

4.1. राज्य के समस्त जिलों में धान का उपार्जन छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित (मार्कफेड) द्वारा एवं मक्का का उपार्जन छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा किया जावेगा ।

4.2. धान एवं मक्का का उपार्जन छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ एवं छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड के द्वारा मात्र प्राथमिक कृषि साख समितियों एवं लेम्पस के माध्यम से किया जावेगा । धान उपार्जन केवल उन्हीं प्राथमिक कृषि साख समितियों एवं लेम्पस के माध्यम से किया जावेगा जो छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ के कम्प्यूटरीकरण कार्यक्रम में भाग लेंगी । प्रत्येक धान उपार्जन केन्द्र के लिए छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ एवं खाद्य विभाग के निर्देशानुसार सहकारी समितियों को कम्प्यूटरीकरण की व्यवस्था धान उपार्जन प्रारंभ होने के पूर्व करनी होगी ।

4.3. यह सुनिश्चित किया जावे कि धान उपार्जन के कार्य में नियोजित सहकारी समितियों एवं राज्य की धान एवं मक्का उपार्जन हेतु अधिकृत एजेंसी के मध्य अनुबंध निष्पादित किया जावे ताकि अनावश्यक विवाद की स्थिति निर्मित न हो ।

4.4. प्राथमिक कृषि साख समितियों एवं लेम्पस को छोड़कर अन्य संस्था/समिति को किसी भी परिस्थिति में राज्य शासन अथवा कलेक्टर द्वारा समर्थन मूल्य पर धान अथवा मक्का की खरीदी हेतु अधिकृत नहीं किया जाएगा ।

4.5. खरीफ विपणन वर्ष 2020–21 में धान की खरीदी विगत खरीफ विपणन वर्ष 2019–20 में संचालित 2048 खरीदी केन्द्रों में एवं खरीफ वर्ष 2020–21 में प्रारंभ किये गये नवीन खरीदी केन्द्रों में की जाएगी । **खरीफ विपणन वर्ष 2020–21 में प्रारंभ किये गये नवीन खरीदी केन्द्रों में धान खरीदी हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं समयानुसार कर ली जावे ।**

4.6. प्रदेश में 48 मंडियों एवं 76 उपमंडियों (**<u>परिशिष्ट–2</u>**) के प्रांगण का उपयोग विगत खरीफ विपणन वर्ष अनुसार धान उपार्जन केन्द्र हेतु किया जाएगा । यथासंभव कलेक्टर से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर इसमें बढ़ोत्तरी की जा सकेगी ।

4.7. राज्य की मंडियों को नियमानुसार देय मंडी शुल्क, निराश्रित शुल्क का भुगतान उपार्जन एजेंसी द्वारा किया जावेगा ।

5. <u>उपार्जन की अनुमानित मात्रा</u> –

खरीफ वर्ष 2020–21 में राज्य के किसानों से 89 लाख मेट्रिक टन धान एवं 5000 मेट्रिक टन मक्का का उपार्जन अनुमानित है । जिलेवार धान के अनुमानित उपार्जन की जानकारी का पत्रक **<u>परिशिष्ट–3</u>** पर संलग्न है । **धान एवं मक्का खरीदी कार्य पूर्ण होने पर उपार्जित मात्रा की वास्तविक जानकारी ज्ञात हो सकेगी एवं तदनुसार निराकरण की कार्ययोजना परिवर्तनीय होगी ।**

6. <u>साख–सीमा की व्यवस्था</u> –

धान एवं मक्का के उपार्जन हेतु आवश्यक साख–सीमा की व्यवस्था राज्य शासन के निर्देशानुसार क्रमशः छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित एवं छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा की जावेगी ।

7. <u>उपार्जन की प्रक्रिया</u> –

7.1. खरीफ वर्ष 2019–20 की भांति खरीफ वर्ष 2020–21 में भी सहकारी समितियों द्वारा संचालित निकटस्थ उपार्जन केन्द्र में राज्य के किसानों द्वारा समर्थन मूल्य पर धान एवं मक्का का विक्रय किया जा सकेगा । इस हेतु संबंधित गांव को उस समिति के धान उपार्जन केन्द्र के साथ साफ्टवेयर में जोड़ा जाना आवश्यक होगा जिसमें उन्हें धान विक्रय की अनुमति दी जानी है । अतः आपके जिले के जिन गांवों को निकटस्थ उपार्जन केन्द्रों से जोड़ा जाना है, इसकी कार्यवाही यथाशीघ्र पूर्ण कर ली जाए तथा सभी ग्रामों में इसका प्रचार–प्रसार कर दिया जाये ।

7.2. भारत सरकार द्वारा निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप धान एवं मक्का का उपार्जन कृषकों से ऋण पुस्तिका के आधार पर ही किया जावेगा तथा क्रय मात्रा का इन्द्राज संबंधित समिति के प्रबंधक/अधिकृत कर्मचारी द्वारा अनिवार्य रूप से उसकी ऋण पुस्तिका में किया जावेगा । अतः यह सुनिश्चित किया जावे कि सभी किसानों के पास ऋण पुस्तिका उपलब्ध हो, यदि किसी किसान की ऋण पुस्तिका बैंक/अन्य संस्थाओं के पास रखी हो तो उसे डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका उपलब्ध कराई जावे ।

7.3. अधिया/रेगहा के माध्यम से उत्पादित धान उपार्जन केन्द्रों में विक्रय के लिए लाने वाले किसानों द्वारा भूमि की ऋण पुस्तिका लानी होगी तथा उसमें इन्द्राज किया जाएगा । इसके साथ ही स्वंय का वचन पत्र तथा भूमि स्वामी का सहमति पत्र भी उपार्जन केन्द्रों में प्रस्तुत करना होगा । सभी खरीदी केन्द्रों में ऐसी खरीदी के आंकड़ों को पृथक रूप से संधारित किया जावे ।

7.4. **समितियों द्वारा सोमवार से शुक्रवार तक (शासकीय अवकाश के दिवसों को छोड़कर) धान खरीदी की जायेगी तथा प्रत्येक शनिवार को क्रय किये गये धान की मात्रा, बारदानों का उपयोग तथा समिति को धान उपार्जन हेतु प्राप्त राशि के व्यय की पुष्टि धान खरीदी सॉफ्टवेयर में करना अनिवार्य होगा ।**

7.5. प्रदेश में बीज उत्पादक कृषकों का बीज, बीज निगम द्वारा उपार्जित करने हेतु बीज प्रमाणीकरण संस्था से धान बीज की शुद्धता एवं अंकुरण की जांच/परीक्षण करायी जाती है । उक्त जांच/परीक्षण में जिन कृषकों के धान बीज फेल हो जाते हैं, उसे औसत अच्छे किस्म का होने पर समर्थन मूल्य पर क्रय किया जावेगा । चूँकि परीक्षण के कार्य में समय लगता है, इसलिए धान बीज का समर्थन मूल्य पर चिन्हाँकित खरीदी केन्द्रों में इन किसानों से बीज निगम के प्रमाण पत्र के आधार पर उपार्जन दिनांक 01 मार्च, 2021 से 31 मई, 2021 तक किया जावे ।

7.6. लिकिंग योजना के अंतर्गत विगत खरीफ वर्ष की भांति खरीफ वर्ष 2020–21 में भी मात्र प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक एवं जिला सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक से अल्पकालीन, मध्यकालीन तथा दीर्घकालीन ऋण प्राप्त कृषकों से ही लिकिंग योजना के अंतर्गत धान का क्रय किया जा सकेगा ।

7.7. जिला सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के लेनदारों की सूची व अवशेष ऋण का इंद्राज कम्प्यूटर में किया जाए । संबंधित किसान द्वारा धान की उपज उपार्जन केन्द्र में लाये जाने पर उसके द्वारा लायी गई कुल उपज का अधिकतम 25 प्रतिशत ही लिकिंग में जिला सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक हेतु खरीदा जा सकता है ।

7.8. **विगत वर्ष की भांति छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ द्वारा समितियों को धान खरीदी हेतु अग्रिम राशि प्रदाय की जावे जिससे किसानों को समय से भुगतान प्राप्त हो सके । समितियों को प्रदान की जाने वाली राशि सीधे, सहकारी बैंक में उनके बैंक खाते में, अंतरित कर प्रदाय करने की व्यवस्था की जाए । जिले में समितियों को राशि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के माध्यम से दिया जाना है या मार्कफेड द्वारा सीधे दी जानी है, इसके निर्धारण के लिये कलेक्टर अधिकृत होंगे । कृषकों के खाते में समस्त भुगतान डिजिटल मोड से किया जावे ।**

7.9. छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा समितियों को मक्का खरीदी हेतु अग्रिम राशि प्रदाय की जावे जिससे किसानों को समय से भुगतान प्राप्त हो सके । समितियों को प्रदान की जाने वाली राशि सीधे, सहकारी बैंक में उनके बैंक खाते में, अंतरित कर प्रदाय करने की व्यवस्था की जाए । जिले में समितियों को राशि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के माध्यम से दिया जाना है या नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा सीधे दी जानी है, इसके निर्धारण के लिये कलेक्टर अधिकृत होंगे । **खरीफ विपणन वर्ष 2020–21 में मक्का खरीदी की राशि का समस्त भुगतान धान खरीदी के समान ही कृषकों के खाते में डिजिटल मोड से किया जावे ।**

7.10. खरीदी केन्द्रों में धान एवं मक्का के नियंत्रित एवं व्यवस्थित रूप से उपार्जन हेतु किसानों को टोकन जारी कर धान एवं मक्का की खरीदी की जावे । धान/मक्का खरीदी अवधि का पर्याप्त प्रचार–प्रसार किया जावे ताकि किसान उक्त अवधि के दौरान अपना धान/मक्का लाकर विक्रय कर सके । धान/मक्का खरीदी के अंतिम दिन पर्ची जारी नहीं की जावे । धान/मक्का खरीदी के अंतिम दिन शाम 5 बजे तक जो धान/मक्का खरीदी केन्द्र में विक्रय हेतु आयेगा उसे उसी दिन तौल कर खरीदी की जावेगी ।

8. <u>बारदानों की व्यवस्था</u> –

8.1. **खरीफ विपणन वर्ष 2020–21 में भारत शासन की नवीन बारदाना नीति अनुसार धान उपार्जन एवं चावल जमा करने हेतु बारदाने की आवश्यक व्यवस्था की जावे । खाद्य विभाग, भारत सरकार की नवीन बारदाना नीति संबंधी जारी पत्र कमांक 15-8/2004-Py.III (Pt.) दिनांक 18 मई, 2017 की प्रति <u>परिशिष्ट–4</u> पर संलग्न है । नवीन नीति अनुसार धान की खरीदी शतप्रतिशत नये बोरो में करने के बजाय, 50 : 50 के अनुपात में नये एवं पुराने बोरो में की जावेगी । नये जूट बोरे उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में कमी की पूर्ति** Used Gunny Bags **से करते हुए अनुपात बनाये रखा जाए ।**

8.2. धान की भरती हेतु आवश्यक नये जूट बारदाने, जूट कमिश्नर से कय कर छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ द्वारा जिलों को आवश्यकतानुसार संख्या में उपलब्ध कराये जावेंगे । कोरोना महामारी के कारण जूट बारदाने आवश्यकतानुसार प्राप्त नहीं होने के कारण उसकी कमी की पूर्ति Used Gunny Bags (पीडीएस बारदाने) से की जाएगी । **Used Gunny Bags में धान एवं कस्टम मिलिंग चावल दोनों का उपार्जन किया जा सकेगा ।**

8.3. **खाद्य विभाग भारत सरकार से Used Gunny Bags के संबंध में पत्र दिनांक 20.10.2020 प्राप्त हुए हैं, जिसकी प्रति <u>परिशिष्ट–5</u> पर आवश्यक कार्यवाही हेतु संलग्न है। भारत सरकार की नीति अनुसार स्टेंसिल लगाने, स्टेकिंग करने, रिकार्ड बनये रखने, क्लेम करने का उत्तरदायित्व उपार्जन एजेंसियों यथा समिति, मार्कफेड एवं चावल उपार्जन एजेंसी का होगा । उक्त बारदानों को पलटी कर एवं सही तरीके से निर्धारित लाल रंग में स्टेंसिल किया जावे एवं बारदाने में " Used bag allowed for KMS 2020&21 " का स्टेंसिल लगाया जावे । Used Gunny Bags की व्यवस्था भारत सरकार की नीति अनुसार की जावे, इस संबंध में विपणन संघ द्वारा आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किया जावे ।**

8.4. मार्कफेड के पास गत खरीफ विपणन वर्ष 2019–20 के उपलब्ध नये जूट बारदानों का उपयोग खरीफ विपणन वर्ष 2020–21 में धान उपार्जन हेतु किया जायेगा । मार्कफेड द्वारा यह सुनिश्चित किया जावे कि गत खरीफ विपणन वर्ष के उपलब्ध सभी नये जूट बारदाने का उपयोग खरीफ विपणन वर्ष 2020–21 में धान खरीदी हेतु हो जावे ।

8.5. **पुराने बारदाने की कमी की पूर्ति हेतु धान खरीदी के लिए आवश्यक लगभग 0.70 लाख गठान नये HDPE/PP बारदाने की व्यवस्था विपणन संघ द्वारा जैम पोर्टल के माध्यम से क्रय कर की जावेगी । खाद्य विभाग भारत सरकार से HDPE/PP बारदाने के संबंध में प्राप्त पत्र दिनांक 28.10.2020 की प्रति <u>परिशिष्ट–6</u> पर संलग्न है, कृपया तदनुसार आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें । मिलर द्वारा HDPE/PP बारदाने में धान उठाव करने पर मिलिंग के पश्चात शेष HDPE/PP बारदाने के दर की कटौती भारत सरकार के निर्देशानुसार की जावेगी । HDPE/PP बारदाने में केवल धान का उपार्जन किया जायेगा, इसमें चावल का उपार्जन नहीं किया जावेगा ।**

8.6. पुराने बोरों की व्यवस्था सभी प्रदायकर्ताओं यथा मिलर, शासकीय उचित मूल्य दुकान (समिति एवं अन्य), कृषक आदि से की जावे । पुराने बोरों की व्यवस्था पीडीएस के बारदानों, मिलर के पास गत खरीफ विपणन वर्षों के उपलब्ध बारदानों एवं धान खरीदी के दौरान कृषक द्वारा उपलब्ध कराये गये जूट बारदानों से की जावे । पुराने बोरों का धान खरीदी में उपयोग किये जाने पर भारत शासन द्वारा निर्धारित उपयोगिता शुल्क का भुगतान किया जावेगा । पुराने बारदाने के उपयोगिता शुल्क भुगतान के संबंध में खाद्य विभाग, भारत सरकार द्वारा जारी दिशा–निर्देश पत्र क्रमांक 15(8)/2004-Py.III (Pt.) दिनांक 05 अक्टूबर, 2017 एवं 15-14/2018-Py.III दिनांक 13 दिसंबर, 2018 की प्रति क्रमशः **<u>परिशिष्ट–6.1</u>** एवं **<u>परिशिष्ट–6.2</u>** पर संलग्न है ।

8.7. पंजीयक सहकारी संस्थाएं के पत्र क्रमांक/विप./104–6E/2020/1978 दिनांक 18.06.2020 द्वारा **(<u>परिशिष्ट–7</u>)** खरीफ वर्ष 2020–21 में पुराने बारदाने की दर रू. 15 प्रति नग निर्धारित की गई है।

8.8. मक्का की खरीदी पुराने बारदानों (पीडीएस/कृषक के) में किया जावे । पुराने बारदानों की राशि का भुगतान पंजीयक सहकारी संस्थाएं द्वारा निर्धारित दर अनुसार ही किया जावे ।

8.9. **पुराने बारदानों के आंतरिक परिवहन हेतु प्रदायकर्ताओं (मिलर/समिति/विपणन संघ आदि) को परिवहन शुल्क प्रदान किया जावे । भारत सरकार से स्वीकृति प्राप्त न होने पर 'अतिरिक्त व्यय' मद से भुगतान हेतु शामिल किया जावे ।**

8.10. छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ द्वारा क्रय बारदानों की प्राप्ति निर्धारित रेक पाइंट एवं सड़क मार्ग पर की जाकर उसे धान खरीदी केन्द्रों तक पहुंचाने की समस्त व्यवस्था की जावेगी ।

8.11. संपूर्ण धान खरीदी अवधि के दौरान जिलों में बारदानों की पर्याप्त आपूर्ति के संबंध में कलेक्टर्स सतत निगरानी रखेंगे, ताकि धान उपार्जन में किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न हो ।

8.12. धान उपार्जन हेतु जूट कमिश्नर से क्रय कर प्रदाय किए गए नये बारदानों की गुणवत्ता का ध्यान रखा जाए एवं निम्न गुणवत्ता के बारदाने किसी भी गठान में पाए जाने पर तत्काल विभाग एवं प्रबंध संचालक, मार्कफेड को अवगत कराया जाए, ताकि प्रदाय एजेंसी के विरूद्ध कार्यवाही की जा सके । निम्न गुणवत्ता के बारदानों का उपयोग नहीं किया जाए । इन्हें अलग से रख लिया जाए जिससे निम्न गुणवत्ता के बारदाने प्रदाय एजेंसी को वापस किए जा सकें ।

यह व्यवस्था नये HDPE/PP बारदाने के संबंध में भी लागू होगी ।

8.13. जिले में यदि पुराने बारदाने उपलब्ध हों तो उन्हें अलग से भण्डारित किया जाए एवं नए बारदानों को अलग गोदामों में भंडारित किया जाए, ताकि दोनों प्रकार के बारदानों की संख्या एवं लेखों का पृथक रूप से संधारण हो सके ।

8.14. समितियों में धान उपार्जन हेतु प्रयुक्त नए बारदानों पर समिति का नाम, पंजीयन नंबर एवं धान की किस्म की छपाई अनिवार्य रूप से की जावे । यह कार्य समितियों को उपलब्ध कराये जा रहे प्रासंगिक व्यय में से स्थानीय स्तर पर की जावे । इससे समितियों द्वारा उपार्जित धान की मात्रा, किस्म एवं गुणवत्ता की पहचान सुनिश्चित हो सकेगी ।

8.15. किसानों से धान क्रय करते समय जिस प्रकार के बारदाने (नये अथवा पुराने) का धान उपार्जन हेतु उपयोग किया जा रहा है अथवा मिलर अथवा परिवहनकर्ता को धान प्रदाय करते समय जिस प्रकार के बारदाने (नये अथवा पुराने) जारी किये जा रहे हैं, उसकी एंट्री सॉफ्टवेयर में की जावे । समिति के भौतिक सत्यापन के दौरान बारदाने के स्टॉक सही नहीं पाये जाने पर कड़ी कार्यवाही की जावे ।

8.16. बारदाने की गुणवत्ता एवं विभिन्न स्तर पर बारदाने का रिकार्ड संधारण हेतु मार्कफेड द्वारा निर्देश जारी किया जाए एवं विभाग को सूचित किया जाए ।

8.17. बारदाने की व्यवस्था के संबंध में विभागीय पत्र क्रमांक एफ 4–14/2020/29–1 दिनांक 11 मई, 2020 **(परिशिष्ट–8)** द्वारा जारी दिशा–निर्देश अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जावे ।

8.18. मार्कफेड द्वारा समितिवार नये एवं पुराने बोरे की आवश्यकता का आकलन कर लिया जावे । मिलर के पास उपलब्ध पुराने बारदाने को धान खरीदी केन्द्रों में उपलब्ध कराने हेतु टैगिंग का कार्य मार्कफेड द्वारा यथाशीघ्र कर लिया जावे । पीडीएस के पुराने बारदानों को समीपस्थ खरीदी केन्द्र एवं मार्कफेड के बारदाना संग्रहण केन्द्र में पहुंचाने का कार्य समयानुसार कर लिया जावे । मार्कफेड द्वारा धान खरीदी आकलन एवं आवक को ध्यान में रखते हुए नये एवं पुराने बारदाने की उपलब्धता समयानुसार सुनिश्चित की जावे । मार्कफेड द्वारा समिति एवं संग्रहण केन्द्र स्तर पर नये एवं पुराने में धान के रखरखाव, उठाव, डिजीटल प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत दिशा–निर्देश जारी किया जावे ।

9. उपार्जन हेतु आरंभिक व्यवस्था –

9.1. **पंजीकृत किसानों से ही खरीफ विपणन वर्ष 2020–21 में धान एवं मक्का का उपार्जन किया जाएगा ।** खरीफ विपणन वर्ष 2020–21 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिये किसानों का पंजीयन कराने के संबंध में विस्तृत निर्देश विभागीय पत्र एफ 4–21/2020/29–1 दिनांक 13 अगस्त, 2020 द्वारा एवं समर्थन मूल्य पर मक्का उपार्जन के लिये किसानों का पंजीयन कराने के संबंध में विस्तृत निर्देश विभागीय पत्र एफ 4–22/2020/29–1 दिनांक 13 अगस्त, 2020 द्वारा जारी किये गये हैं । किसान पंजीयन समयावधि वृद्धि के संबंध में दिनांक 28 अक्टूबर, 2020 एवं 10 नवंबर, 2020 को विभागीय पत्र जारी किये गये हैं ।

9.2. कृषकों द्वारा विक्रय किये गये धान एवं मक्का की राशि का भुगतान किसानों के बैंक खाते में डिजीटल मोड से किया जायेगा । यथाशीघ्र यह सुनिश्चित कर लिया जावे कि सभी कृषकों के खाते खुल जायें तथा बैंक खातों की जानकारी की प्रविष्टि किसान डेटाबेस में कर ली जावे ।

9.3. सहकारी समितियों को दी जाने वाली राशि यदि मार्कफेड द्वारा सहकारी समिति के बैंक खाते में सीधे दी जाना हो तो कलेक्टर द्वारा समितियों के खाते की जानकारी सहित प्रस्ताव प्रबंध संचालक, मार्कफेड को यथाशीघ्र उपलब्ध कराया जावे, ताकि समितियों को राशि अंतरित की जा सके ।

9.4. भारत सरकार द्वारा खरीफ वर्ष 2020–21 हेतु धान एवं मक्का की खरीदी अवधि एवं औसत अच्छी गुणवत्ता (एफ.ए.क्यू.) के मापदण्डों का बैनर, हैण्डबिल, आकाशवाणी एवं दूरदर्शन के माध्यम से व्यापक प्रचार–प्रसार किया जावे ताकि राज्य के किसानों को उपरोक्त के संबंध में आवश्यक जानकारी उपलब्ध हो सके ।

9.5. सभी धान उपार्जन केन्द्रों में धान एवं मक्का के खरीदी अवधि के बैनर के साथ–साथ भारत सरकार द्वारा एफ.ए.क्यू. धान एवं मक्का के लिए निर्धारित विनिर्दिष्टियों को भी प्रदर्शित किया जावे ।

9.6. धान खरीदी कार्य प्रारंभ होने के पूर्व सभी उपार्जन केन्द्रों के कांटे–बांट तथा जिलों के संग्रहण केन्द्रों एवं चावल उपार्जन गोदामों के धरमकांटो का सत्यापन नियंत्रक विधिक मापविज्ञान द्वारा सत्यापित होना चाहिए। बांट माप का सत्यापन 24 माह की कालावधि में कम से कम एक बार कराया जाना आवश्यक होता है, जबकि स्वचालित तौल उपकरणों जैसे– इलेक्ट्रॉनिक वेईंग मशीन एवं धर्मकांटे (वेब्रिज) के सत्यापन की कालावधि 12 माह निर्धारित है । **धान खरीदी एवं संग्रहण केन्द्रों के बांट माप के ऑनलाईन सत्यापन के संबंध में नियंत्रक विधिक मापविज्ञान द्वारा जारी पत्र कमांक 1765/विमा/धान खरीदी/2017 दिनांक 14.08.2017 अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जावे, उक्त पत्र की प्रति परिशिष्ट–9 पर संलग्न** है । उपार्जन केन्द्र पर निरीक्षक विधिक मापविज्ञान द्वारा जारी किये गये सत्यापन प्रमाण–पत्र, सहज एवं दृष्टिगोचर स्थान पर आवश्यक रूप से प्रदर्शित किये जावें, जिन्हें विक्रेता किसान आसानी से देखकर उपकरणों की सत्यता को लेकर सुनिश्चित हो सकें ।

9.7. धान एवं मक्का उपार्जन हेतु केन्द्र का चिन्हांकन करते समय विशेष रूप से यह ध्यान रखा जावे कि ऐसे स्थानों की भूमि नीची अथवा गड्ढे वाली न हो अपितु आस–पास के स्थल से पर्याप्त रूप से ऊंचा स्थान हो जिससे आकस्मिक वर्षा की स्थिति में संग्रहित धान के खराब होने की स्थिति निर्मित न हो । उपार्जन केन्द्र स्तर पर धान के सुरक्षित संग्रहण हेतु आवश्यक संख्या में पॉलिथीन कवर, डनेज सामग्री/ सीमेंट ब्लॉक/ फ्लाई ऐश ब्रिक्स एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था भी उपार्जन केन्द्रों में उपलब्ध होना चाहिए । उपरोक्त हेतु मार्कफेड द्वारा अग्रिम में राशि समितियों को प्रदाय किया जावे ।

9.8. **धान एवं मक्का खरीदी केन्द्रों में निर्धारित मापदण्ड अनुसार ही धान लाये जाने हेतु पर्याप्त प्रचार–प्रसार किया जावे । खरीफ वर्ष 2020–21 में प्रदेश के सभी उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी के लिये नमी की जांच हेतु आर्द्रतामापी यंत्र रखे जावे। आर्द्रतामापी यंत्र के उपयोग हेतु समिति प्रबंधकों को आवश्यक प्रशिक्षण भारतीय खाद्य निगम के अधिकारियों द्वारा दिलाया जावे । सभी खरीदी केन्द्रो में आर्द्रतामापी यंत्र चालू अवस्था में होनी चाहिए । आर्द्रतामापी यंत्र का कैलीब्रेशन यथाशीघ्र धान खरीदी प्रारंभ होने के पूर्व करा लिया जावे ।** जिन स्थानों पर आर्द्रतामापी यंत्र उपयोग योग्य नहीं है, वहां समिति द्वारा नये आर्द्रतामापी यंत्र की व्यवस्था की जावे । अपैक्स बैंक द्वारा आर्द्रतामापी यंत्र के संबंध में भारतीय खाद्य निगम से संपर्क कर मापदण्ड प्राप्त किया जावे । उपार्जन केन्द्रों में नमी की जांच कर किसानों को आवश्यक समझाईश

दी जावे । **किसी भी स्थिति में 17 % से अधिक नमी का धान क्रय नहीं किया जावे । एन.आई.सी. के द्वारा समितियों में धान की आर्द्रता एंट्री हेतु प्रावधान किया जावे ।**

9.9. समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान के संग्रहण हेतु जहां तक संभव हो शासकीय भूमि का उपयोग किया जावे एवं यदि अपरिहार्य कारणों से निजी भूमि पर धान संग्रहण की आवश्यकता हो तो ग्राम पंचायत के माध्यम से निजी भूमि किराए पर ली जावे तथा निजी भूमि के किराए की राशि का भुगतान ग्राम पंचायत को किया जावे ।

9.10. प्रत्येक उपार्जन केन्द्र में औसत अच्छी गुणवत्ता के धान एवं मक्का के किस्मवार सेम्पल कृषकों के अवलोकन हेतु अनिवार्य रूप से प्रदर्शित किये जावे।

9.11. प्रत्येक गांव में धान एवं मक्का के बोवाई रकबे के साथ–साथ उत्पादन की जानकारी उपार्जन केन्द्र स्तर तथा जिला स्तर पर भी संधारित किया जावे ।

9.12. धान एवं मक्का की खरीदी प्रारंभ होने के पूर्व प्रत्येक उपार्जन केन्द्र में धान की भरती तथा तुलाई एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक बारदानों, कांटे–बांट इत्यादि की व्यवस्था की जावे । इसके अतिरिक्त प्रत्येक उपार्जन केन्द्र में पर्याप्त संख्या में कर्मचारियों की व्यवस्था भी की जावे ताकि धान उपार्जन के कार्य में सुगमता बनी रहे ।

10. उपार्जन व्यवस्था का कम्प्यूटरीकरण –

10.1. खरीफ वर्ष 2019–20 की भांति खरीफ वर्ष 2020–21 में भी धान उपार्जन एवं निराकरण की समस्त कार्यवाही कम्प्यूटरीकृत व्यवस्था के माध्यम से किया जाना है । खरीफ वर्ष 2020–21 में मक्का उपार्जन का कार्य धान खरीदी के समान ही कम्प्यूटरीकृत व्यवस्था के माध्यम से किया जाना है । जिस हेतु निम्न कार्यवाही निर्धारित समय–सीमा में पूर्ण कराई जावे –

10.1.1. विगत वर्षों में उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी हेतु प्रयुक्त किए गए कम्प्यूटर, प्रिंटर, जनरेटर एवं यू.पी.एस. का परीक्षण करा लिया जाए एवं यदि कोई उपकरण चालू हालत में न हो तो तत्काल उसमें सुधार करा लिया जाए । ये सभी उपकरण चालू हालत में हैं एवं कम्प्यूटर के इंस्टालेशन का कार्य उपार्जन केन्द्र में किया जा चुका है, इस आशय का प्रमाण–पत्र संबंधित सहकारी समिति के प्रबंधक से प्राप्त किया जाए । जिले के समस्त उपार्जन केन्द्रों की कम्प्यूटर, प्रिंटर, जनरेटर एवं यू.पी.एस. की ओ.के. रिपोर्ट प्रबंध संचालक, मार्कफेड को यथाशीघ्र प्रस्तुत की जाए । उपार्जन केन्द्रों में वर्ष 2020–21 के लिए साफ्टवेयर को अपलोड करने के संबंध में समस्त कार्यों हेतु आवश्यक निर्देश विभाग द्वारा पृथक से जारी किए जायेंगे ।

10.1.2. धान उपार्जन केन्द्र, जहां वास्तविक रूप में धान खरीदी का कार्य होता है, उस स्थान पर ही कम्प्यूटर स्थापित किया जावे ताकि किसान को भुगतान प्रमाण पत्र प्राप्त करने में कोई असुविधा न हो एवं धान खरीदी कार्य पर पर्यवेक्षण एवं नियंत्रण बना रहे ।

10.1.3. कम्प्यूटर, प्रिंटर, डाटा एन्ट्री आपरेटर एवं मोटर साईकल रनर्स का रिजर्व पूल आवश्यकतानुसार रखा जाए ताकि किसी भी आकस्मिक समस्या का तत्काल निराकरण किया जा सके ।

10.2. खरीफ विपणन वर्ष 2020–21 में जिन खरीदी केन्द्रों में नेटवर्क सुविधा उपलब्ध है वहां पर ऑनलाईन धान की खरीदी की जाए । इससे धान के लिये राशि एवं बारदाने की व्यवस्था तथा धान के निराकरण में जानकारियों के त्वरित आदान–प्रदान होने के कारण सुविधा होगी। इंटरनेट कनेक्टीविटी हेतु आवश्यक राशि मार्कफेड द्वारा प्रशासकीय मद की राशि से समितियों को आवश्यकतानुसार अग्रिम में प्रदान की जावे ।

10.2.1. कम्प्यूटर में किसी प्रकार की खराबी आने की स्थिति में विगत वर्षों की भांति मेनुअल धान खरीदी का प्रस्ताव तत्काल प्रबंध संचालक, मार्कफेड को फैक्स/ई–मेल के माध्यम से प्रेषित किया जाए । प्रबंध संचालक, मार्कफेड द्वारा एक बार में अधिकतम 03 दिवस के लिए मेनुअल धान खरीदी की अनुमति दी जा सकेगी । मेनुअल धान खरीदी के रिकार्ड संबंधित सहकारी समिति द्वारा रजिस्टर में दर्ज किये जायेंगे तथा कम्प्यूटर के ठीक होने के उपरांत इसकी एन्ट्री सुनिश्चित की जाएगी । मेनुअल खरीदी के दौरान संबंधित उपार्जन केन्द्र से मार्कफेड के संग्रहण केन्द्र को धान प्रदाय किया जाएगा एवं राईस मिलर्स को धान प्रदाय नहीं किया जाएगा । किसी भी समिति द्वारा संपूर्ण धान खरीदी अवधि के दौरान 5 दिवस से अधिक समय तक मेनुअल खरीदी किए जाने की स्थिति में अगले वर्ष धान उपार्जन उस समिति में नहीं की जावेगी ।

10.2.2. मेनुअल धान खरीदी के लिए आवश्यक स्टेशनरी की व्यवस्था जिला सहकारी केन्द्रीय बैंकों द्वारा पूर्व से करा ली जावे ताकि आवश्यकता पड़ने पर इन्हें धान उपार्जन केन्द्रों को प्रदाय किया जा सके ।

10.2.3. **खरीफ विपणन वर्ष 2020–21 में सहकारी समितियों में धान उपार्जन कार्य के लिए डाटाएन्ट्री ऑपरेटर की व्यवस्था गत खरीफ विपणन वर्ष 2019–20 हेतु जारी विभागीय पत्र क्रमांक एफ 4–15/2018/29–1/पार्ट (VII) दिनांक 16.08.2019 (परिशिष्ट–10) में दिये गये निर्देशानुसार की जावे, किंतु डाटाएन्ट्री ऑपरेटर का मानदेय रू. 15000/– प्रतिमाह प्रदान किया जाए ।**

10.2.4. ऑफलाईन उपार्जन केन्द्रों हेतु आवश्यकतानुसार रनर्स की नियुक्ति मार्कफेड द्वारा की जावे । मोटर साईकल रनर्स द्वारा प्रतिदिन धान उपार्जन केन्द्रों के कम्प्यूटर का डेटा प्राप्त करके विकासखण्ड मुख्यालय पर लाकर विकासखण्ड मुख्यालय से डेटा एन.आई.सी. के माध्यम से इंटरनेट पर दर्ज किया जाएगा । इसी प्रकार एन.आई.सी. के सर्वर से इंटरनेट पर जानकारी प्राप्त कर धान उपार्जन केन्द्रों के कम्प्यूटर में भी पहुंचायेंगे । अतः आप अपने जिले में ऐसे मोटर साईकल रनर्स की नियुक्ति, प्रशिक्षण एवं उपार्जन केन्द्रों के संलग्नीकरण की कार्यवाही मार्कफेड द्वारा निर्धारित समय–सीमा में पूर्ण करावें ।

10.2.5. ऑनलाईन खरीदी केन्द्रों का डेटा नियमित अपलोड किया जाना सुनिश्चित किया जाये । सभी उपार्जन केन्द्रों का अद्यतन डाटा अपलोड करना जिले के खाद्य अधिकारी/खाद्य नियंत्रक व जिला विपणन अधिकारी का व्यक्तिगत उत्तरदायित्व होगा । समिति का डेटा 72 घंटे के अंदर अपलोड करना अनिवार्य होगा अन्यथा समिति कंडिका 14 में वर्णित इन्सेंटिव कमीशन हेतु पात्र नहीं होंगे ।

10.2.6. विकासखण्ड मुख्यालय में वर्तमान में उपलब्ध पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के व्ही.सेट को पूरी धान खरीदी अवधि के दौरान कार्यशील अवस्था में बनाए रखने हेतु समस्त आवश्यक

kp

कार्यवाही समय रहते हुए पूर्ण कर ली जावे ।

10.2.7. खरीफ वर्ष 2020–21 के दौरान मार्कफेड के सभी धान संग्रहण केन्द्रों में धान की प्राप्ति एवं प्रदाय की व्यवस्था पूर्णतः कम्प्यूटरीकृत एवं वेब–बेस्ड होगी । **खरीफ विपणन वर्ष 2020–21 में प्रारंभ होने वाले नए संग्रहण केन्द्र में यह कार्य समयानुसार पूर्ण कर लिया जावे ।**

10.2.8. जिले में संचालित किए जाने वाले धान उपार्जन केन्द्रों से मार्कफेड के जिन संग्रहण केन्द्रों में धान का प्रदाय किया जावेगा, उनका संलग्नीकरण संबंधित संग्रहण केन्द्रों से शीघ्र कर लिया जावे। कस्टम मिलिंग कम्प्यूटराईजशेन से संबंधित समस्त प्रक्रिया की जानकारी विभाग द्वारा कस्टम मिलिंग के संबंध में जारी किए जा रहे आदेश में विस्तृत रूप से दिए जा रहे हैं ।

10.2.9. **धान के उपार्जन की खरीफ वर्ष 2020–21 में कम्प्यूटरीकृत व्यवस्था का प्रशिक्षण कार्य मार्कफेड द्वारा कराया जावे ।** कृपया मार्कफेड द्वारा जारी की जाने वाली समय सारिणी के अनुसार कम्प्यूटरीकरण कार्य से संबंधित सभी व्यक्तियों को अनिवार्य रूप से प्रशिक्षण दिलावे ।

10.2.10. **मक्का के उपार्जन की खरीफ वर्ष 2020–21 में कम्प्यूटरीकृत व्यवस्था का प्रशिक्षण कार्य नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा कराया जावे ।** कृपया नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा जारी की जाने वाली समय सारिणी के अनुसार कम्प्यूटरीकरण कार्य से संबंधित सभी व्यक्तियों को अनिवार्य रूप से प्रशिक्षण दिलावे ।

10.2.11. **धान एवं मक्का खरीदी के कम्प्यूटरीकरण व्यवस्था का ट्रायल रन जिले के प्रत्येक धान एवं मक्का उपार्जन केन्द्र में कराने हेतु एफ 4–20/2020/29 दिनांक 19.11.2020 जारी किया गया है तदनुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाये ।** इस ट्रायल रन में सभी धान उपार्जन केन्द्र एवं संग्रहण केन्द्र भाग लेंगे । प्रत्येक धान उपार्जन केन्द्र का इसमें भाग लेना अनिवार्य होगा । जो केन्द्र इसमें भाग नहीं लेंगे वे कंडिका 14 में वर्णित इन्सेंटिव कमीशन हेतु पात्र नहीं होंगे । कृपया यह सुनिश्चित कर लें कि आपके द्वारा स्वीकृत सभी धान एवं मक्का उपार्जन केन्द्रों में कम्प्यूटरीकरण का कार्य पूर्व पूर्ण हो जाए।

11. उपार्जन के अन्य बिन्दुओं का प्रशिक्षण –

धान एवं मक्का खरीदी कार्य प्रारंभ होने के पूर्व आवश्यक है कि निर्धारित औसत अच्छी गुणवत्ता के धान व मक्का की खरीदी एवं चावल उपार्जन हेतु की गई कम्प्यूटरीकृत व्यवस्था के संबंध में प्रशिक्षण हेतु विस्तृत दिशा–निर्देश विभागीय पत्र कमांक **एफ 4–20/2020/29 दिनांक 19.11.2020 जारी किया गया है ।**

12. गुणवत्ता –

12.1. **उपार्जन एजेंसी द्वारा भारत सरकार द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2020–21 हेतु निर्धारित एकसमान विनिर्दिष्टियों के अनुसार (परिशिष्ट–1) औसत अच्छे किस्म (एफ.ए.क्यू.) का धान एवं मक्का क्रय किया जावेगा।**

12.2. एफ.ए.क्यू. धान एवं मक्का का क्रय सुनिश्चित किए जाने हेतु जिले में संग्रहण केन्द्र स्तर एवं समिति स्तर पर निम्न समितियों का गठन किया जावे –

12.2.1. जिले में प्रत्येक संग्रहण केन्द्र स्तर पर कलेक्टर द्वारा तहसीलदार की अध्यक्षता में एक दल का गठन किया जावे, जिसमें खाद्य, विपणन संघ, जिला सहकारी बैंक, मंडी एवं सहकारिता विभाग के अधिकारी सम्मिलित हों । उक्त दल के द्वारा संग्रहण केन्द्र से संबंधित समितियों में धान एवं

मक्का खरीदी व्यवस्था की निगरानी की जावेगी एवं समिति/संग्रहण केन्द्र स्तर पर धान की गुणवत्ता संबंधी विवादों का निराकरण किया जावेगा। संग्रहण केन्द्र प्रभारी समिति द्वारा भेजे गये धान को अमानक करने हेतु स्वयं अधिकृत नहीं होंगे । संग्रहण केन्द्र में तहसीलदार की अध्यक्षता में गठित दल द्वारा निरीक्षण कर विनिश्चय करने पर ही धान रिजेक्ट किया जायेगा। धान रिजेक्ट होने पर या तो समिति द्वारा धान वापस ले जाया जायेगा तथा स्पेशीफिकेशन के अनुरूप साफ/परिवर्तित कर विपणन संघ को प्रदाय किया जायेगा ।

12.2.2. सहकारी समिति स्तर पर सही गुणवत्ता एवं पंजीकृत किसानों से धान की खरीदी एवं मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने हेतु निम्नानुसार सदस्यों को सम्मिलित करते हुए स्थानीय स्तर पर एक समिति गठित की जाये, जिसमें निम्नानुसार सदस्य रखे जावेंगे –

1. सहकारी समिति के अध्यक्ष/प्राधिकृत अधिकारी
2. संबंधित क्षेत्र के सरपंच
3. कलेक्टर द्वारा नामांकित 1 प्रतिनिधि
4. मा. प्रभारी मंत्री जी द्वारा अनुमोदित 02 जन प्रतिनिधि (राईस मिलर न हो)

12.2.3. उक्त समितियों द्वारा यह सुनिश्चित किया जावेगा कि भारत शासन द्वारा निर्धारित औसत अच्छी गुणवत्ता (एफ.ए.क्यू.) किस्म की धान एवं मक्का पंजीकृत किसानों से ही क्रय किया जाए ।

12.2.4. जिले में संग्रहण केन्द्र एवं समिति स्तर पर गठित उपरोक्त समितियों के सदस्यों के नाम, पदनाम सहित जानकारी संबंधित जिले के कलेक्टर द्वारा विभाग को अनिवार्य रूप से दिनांक 07 दिसंबर 2020 तक उपलब्ध कराया जावे ।

13. भुगतान व्यवस्था –

13.1 **किसानों को धान एवं मक्का की राशि का भुगतान डिजीटल मोड से उनके बैंक खाते में राशि का अंतरण कर ही किया जाये ।** अंतरण के प्रमाण स्वरूप कृषकों को निर्धारित प्रारूप में उपार्जन केन्द्र पर ही कम्प्यूटर द्वारा तैयार किए गए भुगतान प्रमाण पत्र प्रदान किया जावे ।

13.2 धान उपार्जन का कार्य सहकारी समितियों के माध्यम से ही किया जाना है, अतः आवश्यकतानुसार उनकी साख सीमा निर्धारित किए जाने हेतु आवश्यक आदेश सहकारिता विभाग द्वारा जारी किए जायेंगे ।

13.3 जिन समितियों में अधिक मात्रा में धान आता है उन समितियों के खाते वाणिज्यिक बैंक/क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक में भी खोले जावें, जिससे किसानों द्वारा विक्रय किए गए धान के भुगतान प्राप्त करने में कोई कठिनाई न हो ।

13.4 मार्कफेड द्वारा धान खरीदी प्रारंभ होने के पूर्व धान के सुरक्षित रखरखाव हेतु समितियों को आवश्यकतानुसार धान भण्डारण व सुरक्षा व्यय अग्रिम में प्रदान की जावे । नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा मक्का खरीदी प्रारंभ होने के पूर्व मक्का के सुरक्षित रखरखाव हेतु समितियों को आवश्यकतानुसार मक्का भण्डारण व सुरक्षा व्यय अग्रिम में प्रदान की जावे ।

13.5 मार्कफेड द्वारा खरीदी अवधि के दौरान धान उपार्जन हेतु धान का समर्थन मूल्य, प्रासंगिक व्यय एवं धान

भण्डारण व सुरक्षा व्यय की राशि जोड़कर अग्रिम के रूप में सहकारी समितियों को किसानों को भुगतान हेतु उपलब्ध कराई जाएगी । उपरोक्त उपलब्ध कराई गई राशि में से सर्वप्रथम किसानों को भुगतान किया जाएगा एवं किसानों को भुगतान पूर्ण होने के उपरांत ही शेष उपलब्ध राशि का उपयोग सहकारी समितियों द्वारा अन्य मदों में किया जाएगा । समितियों द्वारा मदवार व्यय की गई जानकारी कम्प्यूटर में एंट्री की जायेगी ।

नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा खरीदी अवधि के दौरान मक्का उपार्जन हेतु मक्का का समर्थन मूल्य, प्रासंगिक व्यय एवं धान भण्डारण व सुरक्षा व्यय की राशि जोड़कर अग्रिम के रूप में सहकारी समितियों को किसानों को भुगतान हेतु उपलब्ध कराई जाएगी । उपरोक्त उपलब्ध कराई गई राशि में से सर्वप्रथम किसानों को भुगतान किया जाएगा एवं किसानों को भुगतान पूर्ण होने के उपरांत ही शेष उपलब्ध राशि का उपयोग सहकारी समितियों द्वारा अन्य मदों में किया जाएगा । समितियों द्वारा मदवार व्यय की गई जानकारी कम्प्यूटर में एंट्री की जायेगी ।

13.6 प्रासंगिक व्यय व धान / मक्का भण्डारण व सुरक्षा व्यय के मद में प्रदाय की गई अग्रिम राशियों का समायोजन समिति द्वारा उक्त मदों में वास्तविक व्यय के आधार पर किया जाएगा तथा अव्ययित राशि को कमीशन की राशि से समायोजित किया जाएगा ।

14. समिति को इन्सेंटिव प्रदान करना –

खरीफ विपणन वर्ष 2020–21 में ऐसी समितियों को प्रोत्साहन राशि (इन्सेंटिव) प्रदाय किया जावे, जिनमें :–

1. समिति में शॉर्टेज / कमी की मात्रा निरंक हो,
2. समिति में किसी प्रकार की अनियमितता नहीं पायी गयी हो तथा
3. शासन द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का पालन समिति द्वारा किया गया हो ।
4. परिवहन स्तर पर होने वाली कमी की वसूली / भरपायी मार्कफेड द्वारा परिवहनकर्ता से कर लिये जाने की स्थिति में

समितियों एवं उनके कर्मचारियों को इन्सेंटिव के रूप में 5 रूपये प्रति क्विंटल प्रोत्साहन राशि (2.50 रू. समिति हेतु एवं 2.50 रू. समिति द्वारा धान खरीदी कार्य में नियोजित अधिकारियों व कर्मचारियों हेतु) प्रदाय की जावेगी ।

15. भण्डारण व्यवस्था –

15.1 धान के उचित भण्डारण हेतु भण्डारण केन्द्र स्थल का चयन, आवश्यक डनेज मटेरियल एवं कैप कव्हर्स आदि की व्यवस्था मार्कफेड द्वारा किया जावेगा । धान को खुले में कैप कव्हर में भण्डारित करने के लिए विगत खरीफ विपणन वर्ष में क्रय किए गए कैप कव्हर्स, सीमेंट ब्लॉक, चटाई, पॉलीथीन आदि का (जो अच्छी हालत में हो) उपयोग किया जाएगा तथा आवश्यकतानुसार डनेज सामग्री एवं कैप कव्हर मार्कफेड द्वारा समय पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाये ।

15.2 **सभी संग्रहण केन्द्रों में खरीदी केन्द्रों से आने वाले धान की नमी की जांच हेतु आर्द्रतामापी यंत्र रखा जाये । आर्द्रतामापी यंत्र का यथाशीघ्र कैलीब्रेशन करा लिया जाये ।**

15.3 मार्कफेड के संग्रहण केन्द्रों में यथासंभव मार्कफेड द्वारा धरमकांटा लगवाने की व्यवस्था की जाए ।

15.4 खरीफ वर्ष 2020–21 में प्रारंभ किये जाने वाले नये धान संग्रहण केन्द्रों में भी धान के सुरक्षित भण्डारण हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थायें की जावे ।

15.5 संग्रहण केन्द्रों में खरीदी अवधि के दौरान जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के द्वारा एक कर्मचारी की ड्यूटी लगाई जावे जो समिति से आने वाले धान के तौल, पावती प्रदाय, धान की गुणवत्ता, बारदाना में छपाई आदि व्यवस्था की निगरानी करेगा ।

15.6 मार्कफेड द्वारा उपार्जित धान को यथासंभव निकटतम मिलिंग केन्द्रों की मिलिंग क्षमता को दृष्टिगत रखते हुए भण्डारित कराया जावे ।

15.7 खरीफ विपणन वर्ष 2020–21 में विगत वर्षों में कुछ जिलों में मिलिंग / भण्डारण की परेशानी को देखते हुए धान के त्वरित निराकरण हेतु एवं उपलब्ध मिलिंग क्षमता के उपयोग हेतु कुछ जिलों में उपार्जित धान की कुछ मात्रा को शुरू से ही अन्य जिलों के संग्रहण केन्द्रों में आवश्यकतानुसार भण्डारित किया जाए । उक्त हेतु अंतर जिला धान स्थानांतरण हेतु अनुमानित धान भण्डारण की कार्ययोजना **परिशिष्ट–11** पर संलग्न है । **धान खरीदी का कार्य पूर्ण होने पर उपार्जित धान की मात्रा के आधार पर कार्ययोजना परिवर्तनीय होगी ।**

15.8 खरीदी केन्द्र में भण्डारित समस्त धान को मार्कफेड द्वारा दिनांक 28 फरवरी, 2021 तक अनिवार्य रूप से उठाव कराया जावे ।

15.9 धान उपार्जन केन्द्रों में संग्रहित धान के लिए कोई सूखत मात्रा मान्य नहीं होगी ।

16. परिवहन व्यवस्था –

16.1 खरीफ विपणन वर्ष 2020–21 हेतु परिवहन की व्यवस्था मार्कफेड द्वारा किया जायेगा । खाद्य विभाग भारत सरकार के पत्र कमांक 192(14)/2018-FC A/cs दिनांक 06.05.2019 (**परिशिष्ट–12**) में उल्लेखित राज्य स्तरीय समिति के माध्यम से धान / सी.एम.आर. का परिवहन दर का निर्धारण किया जावेगा ।

16.2 खरीफ विपणन वर्ष 2020–21 में चावल के परिवहन दर का भुगतान धान के परिवहन दर के आधार पर ही किया जाएगा ।

16.3 धान के परिवहन हेतु निर्धारित परिवहनकर्ता द्वारा परिवहन न किये जाने पर आवश्यकतानुसार स्वीकृत परिवहन दर पर किसी भी परिवहनकर्ता से परिवहन का कार्य कराया जा सकता है । मार्कफेड द्वारा परिवहन नहीं कराये जाने की स्थिति में स्वीकृत परिवहन दर पर समितियों द्वारा धान का परिवहन कराया जावे । इस हेतु समिति उसे धान भण्डारण व सुरक्षा मद अथवा प्रासंगिक व्यय के मद में प्रदत्त अग्रिम राशि का उपयोग परिवहन देयकों के भुगतान हेतु कर सकेगी तथा ऐसे व्यय की प्रतिपूर्ति विपणन संघ द्वारा समिति को की जाएगी । समितियों द्वारा धान परिवहन कराये जाने पर संग्रहण केन्द्रों में धान भण्डारण करने हेतु उचित व्यवस्था मार्कफेड द्वारा की जावे ।

16.4 खरीदी केन्द्र में धान की बफर स्टॉक की सीमा जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के द्वारा तय किया जावे । खरीदी केन्द्र में धान की मात्रा बफर स्टॉक की सीमा से ज्यादा होने पर 72 घंटे के भीतर उसका शीघ्र उठाव कराया जावे ।

16.5 खरीदी केन्द्रों से धान के उठाव हेतु एवं दोहरे परिवहन व्यय को रोकने हेतु अधिकाधिक मात्रा में धान सीधे मिलर्स को प्रदाय किया जाये । नई बारदाना नीति एवं धान के त्वरित निराकरण के दृष्टिकोण से मूल जिले/आधिक्य मिलिंग क्षमता वाले जिलों के मिलर से पुराने जिले या कम मिलिंग क्षमता वाले जिले के धान के त्वरित निराकरण करने हेतु धान खरीदी के प्रारंभ से ही संलग्न किया जावे । इस संबंध में जिलों का संलग्नीकरण **<u>परिशिष्ट–11</u>** में दर्शित अनुसार किया जावे । धान के निराकरण की अवधि के दौरान परिस्थिति अनुसार प्रस्तावित संलग्नीकरण प्लान में परिर्वतन किया जा सकता है। खरीदी केन्द्र से अन्य संलग्न जिले के मिलर्स द्वारा मिलिंग हेतु सीधे धान उठाव की अनुमानित कार्ययोजना **<u>परिशिष्ट–11</u>** में दर्शित है ।

16.6 मिलर्स को धान प्रदाय करने की प्रक्रिया कस्टम मिलिंग के निर्देश अनुसार की जाए ।

16.7 धान उपार्जन केन्द्रों से सहकारी समितियों के व्यय पर 10 प्रतिशत रेण्डम वजन कराने के उपरांत धान का प्रदाय किया जावेगा । परिवहनकर्ता द्वारा मांग किये जाने पर समिति द्वारा शतप्रतिशत धान का वजन कराया जावे ।

16.8 समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन अवधि के दौरान पड़ोसी राज्यों से धान लाकर सीमावर्ती जिलों के खरीदी केन्द्रों में विक्रय करने की आशंका रहती है । अतः सीमावर्ती जिलों के कलेक्टर्स राज्य की सीमा पर आवश्यक चेकिंग दल तत्काल तैनात कर विभाग को सूचित करें । चेकिंग दल में राजस्व, खाद्य, मंडी, सहकारिता फॉरेस्ट एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों को शामिल किया जावे । सीमावर्ती जिलों की 68 खरीदी केन्द्रो में विशेष निगरानी रखी जावे, ऐसे खरीदी केन्द्रों की सूची **<u>परिशिष्ट–13</u>** पर संलग्न है ।

16.9 खरीफ विपणन वर्ष 2020–21 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन राज्य के पंजीकृत किसानों से किया जाना है । धान उपार्जन अवधि के दौरान सीमावर्ती राज्यों से धान लाकर राज्य के उपार्जन केन्द्रों में समर्थन मूल्य योजना के अंतर्गत इसके विकय की आशंका बनी रहती है, इसलिए 30 अप्रैल 2021 तक अन्य राज्यों से धान का आयात संचालक, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति की अनुमति से ही हो सकेगा । सुपर फाइन किस्म का धान जो 1900 रूपये प्रति क्विंटल से अधिक लागत का हो, के आयात के लिये संचालक, खाद्य की अनुमति लेना आवश्यक नहीं है । परंतु आयातक को धान आयात करने की सूचना जिला खाद्य अधिकारी/खाद्य नियंत्रक को देना होगा ।

17. <u>हानि की प्रतिपूर्ति एवं समितियों को कमीशन/प्रासंगिक व्यय</u> –

17.1 खरीफ वर्ष 2020–21 में धान एवं मक्का के उपार्जन कार्य हेतु नियुक्त एजेंसी को भारत शासन द्वारा निर्धारित मानदण्डों के आधार पर देय प्रासंगिक व्ययों के उपरांत भी यदि हानि होती है तो हानि की प्रतिपूर्ति तत्संबंध में राज्य शासन द्वारा बनाए गए नियमों के अनुसार की जावेगी ।

17.2 धान उपार्जन कार्य हेतु निम्नानुसार कमीशन एवं अन्य व्यय देय होंगे –

17.2.1 **उपार्जन केन्द्र से मार्कफेड अथवा मिलर्स को प्रदाय धान हेतु प्रासंगिक व्यय की राशि (मंडी लेबर चार्ज) का निर्धारण भारत सरकार के निर्देश पर गठित राज्य स्तरीय समिति के द्वारा प्रचलित कार्यवाही अनुसार होगी । धान भण्डारण एवं सुरक्षा व्यय के रूप में 3.00 रूपये प्रति क्विंटल के मान से देय होगी । संग्रहण केन्द्रों में हैण्डलिंग चार्ज का निर्धारण उपरोक्त राज्य स्तरीय समिति द्वारा किया जावेगा ।**

17.2.2 समितियों को धान उपार्जन हेतु भारत सरकार द्वारा निर्धारित कमीशन देय होगा।

17.2.3 राशि 5.00 रूपये प्रति क्विंटल बैंक व्यय की प्रतिपूर्ति के रूप में मार्कफेड द्वारा जिला सहकारी केन्द्रीय बैंकों को देय होगी । **रायगढ़ एवं जशपुर जिले में उपरोक्त कार्य अपैक्स बैंक द्वारा किया जाता है, अतः यह राशि अपैक्स बैंक को प्रदाय की जावे।** अपैक्स बैंक को धान खरीदी कार्य में समन्वय एवं पर्यवेक्षण कार्य के रूप में सुपरवाइजिंग कार्य हेतु राशि रूपये 0.50 (50 पैसे) प्रति क्विंटल मार्कफेड द्वारा प्रदाय किया जाएगा । शासन द्वारा पत्र क्रमांक एफ 4–8/खाद्य/2014/29–2/2436 दिनांक 04.07.2016 **(परिशिष्ट–14)** द्वारा निर्धारित किये गये प्रशासनिक कार्यों के अनुसार अपैक्स बैंक एवं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक द्वारा कार्य सुनिश्चित किए जाने पर एवं विभाग द्वारा समय–समय पर दिये गये दिशा–निर्देशों का पालन किये जाने पर, उक्त राशि मार्कफेड द्वारा प्रदाय की जाएगी ।

17.2.4 जिला केन्द्रीय सहकारी बैंकों द्वारा सहकारी समितियों को आवश्यक स्टेशनरी का मुद्रण कराकर उपलब्ध कराया जाएगा । इस कार्य हेतु व्यय राशि की प्रतिपूर्ति मार्कफेड द्वारा नहीं की जाएगी ।

17.2.5 मार्कफेड को मिलर्स को अरवा/उसना मिलिंग पर प्रोत्साहन राशि पर आये व्ययों की प्रतिपूर्ति राज्य शासन द्वारा की जावेगी ।

17.2.6 **समिति स्तर पर समिति द्वारा मिलर को धान लोड कर प्रदाय किया जावे । संग्रहण केन्द्र से मिलर द्वारा धान उठाव करने पर लोडिंग की राशि परिवहन व्यय में से कटौती की जावे एवं अनलोडिंग की राशि प्रदाय की जावे।**

17.3 मक्का खरीदी कार्य के लिए समिति को कमीशन के रूप में 8 रूपये प्रति क्विंटल, प्रासंगिक व्यय के रूप में 5 रूपये प्रति क्विंटल तथा भंडारण एवं सुरक्षा व्यय के रूप में 1 रूपये प्रति क्विंटल देय होगी ।

18. कस्टम मिलिंग –

18.1 खरीफ विपणन मौसम 2020–21 में पंजीकृत मिलों द्वारा समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान का कस्टम मिलिंग किया जाएगा। धान की कस्टम मिलिंग संबंधी समस्त कार्य का कम्प्यूटरीकरण किया जा चुका है । इस संबंध में विस्तृत निर्देश कस्टम मिलिंग प्रकिया के संबंध में विभाग द्वारा जारी किए जा रहे हैं ।

18.2 विकेन्द्रीकृत उपार्जन योजनांतर्गत राज्य की पीडीएस की आवश्यकता की पूर्ति हेतु चावल उपार्जन कार्य पूर्व की भांति नोडल एजेंसी के रूप में छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन द्वारा किया जाएगा तथा सरप्लस चावल पूर्वानुसार भारतीय खाद्य निगम को प्रदाय किया जायेगा ।

19. पर्यवेक्षण एवं नियंत्रण –

19.1 धान एवं मक्का उपार्जन के निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण हेतु प्रत्येक जिले में प्रभारी सचिव को जिम्मेदारी दी जावेगी । इस संबंध में प्रति वर्ष अनुसार सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा आवश्यक निर्देश जारी किए जायेंगे ।

19.2 धान एवं मक्का उपार्जन एवं कस्टम मिलिंग से संबंधित समस्याओं एवं कठिनाईयों को खाद्य विभाग के कॉल सेंटर नंबर 1800–233–3663 में दर्ज कराया जावे । कॉल सेंटर राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष के रूप में संचालित किया जाएगा । कॉल सेंटर नंबर का प्रदर्शन प्रत्येक धान खरीदी केन्द्र में किया जावे । प्राप्त शिकायत का निराकरण 3 दिवस के भीतर में उपार्जन एजेंसी द्वारा राज्य स्तर पर एवं कलेक्टर द्वारा जिला स्तर पर किया जावे ।

19.3 जिला स्तर पर भी नियंत्रण कक्ष स्थापित किया जाये । इससे धान उपार्जन के पर्यवेक्षण एवं नियंत्रण में सुविधा होगी, और उपार्जन के दौरान आने वाली समस्याओं / कठिनाईयों का निराकरण त्वरित गति से हो सकेगा । जिलों में स्थापित नियंत्रण कक्षों में पदस्थ कर्मचारियों तथा दूरभाष नंबरों की जानकारी राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष को शीघ्र उपलब्ध कराई जावे । इसके साथ ही धान एवं मक्का के उपार्जन से संबंधित समस्त आवश्यक जानकारी नियमित रूप से विभाग, छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ एवं छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन को उपलब्ध कराई जावे।

19.4 उपार्जित धान एवं मक्का के भुगतान हेतु आवश्यक राशि, बारदानें एवं परिवहन आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु प्रत्येक उपार्जन केन्द्र अथवा एक से अधिक उपार्जन केन्द्रों हेतु एक नोडल अधिकारी कलेक्टर द्वारा नियुक्ति किया जावे, जो उक्त समस्त व्यवस्था के पर्यवेक्षण एवं आवश्यक सूचना संबंधितों को प्रदान करने हेतु उत्तरदायी होगा ।

19.5 **खरीफ विपणन वर्ष 2020–2021 में विगत खरीफ विपणन वर्ष 2019–20 में 1 प्रतिशत से ज्यादा कमी वाले खरीदी केन्द्रों में कलेक्टर द्वारा नामांकित अधिकारी के पर्यवेक्षण के अधीन खरीदी की जावेगी। इन खरीदी केन्द्रों की सूची परिशिष्ट–15 पर संलग्न है ।**

19.6 धान उपार्जन, संग्रहण एवं इसके निराकरण के प्रत्येक स्तर पर संधारित रजिस्टरों एवं अन्य अभिलेखों के प्रारूप में एकरूपता बनाने हेतु मार्कफेड द्वारा इनका आवश्यकतानुसार संख्या में मुद्रण कराकर यथाशीघ्र धान उपार्जन केन्द्र, धान संग्रहण केन्द्र एवं अन्य संबंधित कार्यालयों में उपलब्ध कराया जावे ।

19.7 समर्थन मूल्य पर धान एवं मक्का के उपार्जन की समस्त कार्यवाही एवं व्यवस्था कलेक्टरों के निरीक्षण, पर्यवेक्षण एवं नियंत्रण में संपन्न की जावेगी। धान एवं मक्का के उपार्जन में कोई भी समस्या उत्पन्न होती है तो अधोहस्ताक्षरकर्ता अथवा प्रबंध संचालक, छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ एवं प्रबंध संचालक, छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन से सीधे संपर्क किया जा सकता है ।

20. **सुरक्षा व्यवस्था** –

धान एवं मक्का उपार्जन के दौरान जिला केन्द्रीय सहकारी बैंकों द्वारा स्थानीय बैंकों को उपलब्ध कराई जाने वाली राशि के परिवहन के दौरान समुचित सुरक्षा हेतु जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक प्रबंधन द्वारा मांग किए जाने पर आवश्यकतानुसार संख्या में पुलिस बल उपलब्ध कराए जाने के लिए पुलिस अधीक्षक को सूचित किया जाये । पुलिस अधीक्षक द्वारा आवश्यक पुलिस बल उपलब्ध कराया जाएगा ।

21. **बीमा** –

21.1 प्राकृतिक आपदाओं, अग्नि दुर्घटना एवं चोरी से धान की गुणवत्ता अथवा मात्रा प्रभावित होने से राज्य शासन को होने वाली हानि से बचने के लिए मार्कफेड द्वारा धान का बीमा कराया जाये ।

21.2 यदि समिति स्तर पर हुई क्षति का क्लेम बीमा कंपनी द्वारा समिति की किसी गलती के कारण आंशिक या पूर्ण रूप से अस्वीकार किया जाता है तो इसके फलस्वरूप होने वाली क्षति समिति द्वारा वहन की जाएगी।

21.3 धान उपार्जन केन्द्रों में कार्यरत समस्त व्यक्तियों का सामूहिक बीमा मार्कफेड द्वारा कराया जाये । इस हेतु उपार्जन केन्द्रों में कार्यरत व्यक्तियों की वांछित जानकारी जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक द्वारा मार्कफेड को दिनांक 07 दिसंबर, 2020 तक उपलब्ध कराई जाये ।

22. **COVID-19 से बचाव हेतु व्यवस्था** :–

खरीफ वर्ष 2020–21 में किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी अवधि के दौरान COVID-19 से बचाव हेतु विभागीय पत्र क्रमांक एफ 4–20/2020/29–1 दिनांक 19 नवंबर 2020 **(परिशिष्ट–16)** द्वारा जारी SOP का पालन किया जावे ।

23. **खरीदी केन्द्रों का मिलान** –

धान खरीदी केन्द्रों के मिलान का कार्य समिति, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक एवं मार्कफेड द्वारा दिनांक 31 मार्च, 2021 तक पूर्ण की जाए । मक्का खरीदी केन्द्रों के मिलान का कार्य समिति, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक एवं नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा दिनांक 15 जून, 2021 तक पूर्ण की जाए ।

24. **मक्का उपार्जन** –

